# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## अक्तूबर भाग-1 2020

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न Part -1

1. भारती लिपि (Bharati Script) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसे IIT कानपुर की एक टीम ने विकसित किया है।
   2. यह 'एक राष्ट्र-एक लिपि' की अवधारणा के अनुरूप है।
   3. यह लिपि हिंदी/मराठी, तमिल, तेलुगू, गुजराती, पंजाबी, बंगाली, उड़िया, कन्नड़ एवं मलयालम का समर्थन करती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

   a. केवल 1 और 3
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 2
   d. 1, 2 और 3

2. 'अंबेडकर सोशल इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन मिशन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस मिशन का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के बीच नवाचार एवं उद्यम को बढ़ावा देना है।
   2. इस मिशन को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत शुरू किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/ से सही **नहीं** है/हैं?

   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

3. FCRA संशोधन, 2020 के तहत गैर-सरकारी संगठनों के लिये नए नियमों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. विदेशी धन प्राप्त करने के लिये एक गैर सरकारी संगठन को केंद्रीय वित्त मंत्रालय के पास पंजीकरण कराना होता है।
   2. प्रत्येक FCRA-पंजीकृत गैर सरकारी संगठन को नई दिल्ली स्थित किसी भी भारतीय बैंक में FCRA-चिह्नित बैंक खाता खोलना अनिवार्य है।
   3. प्रशासनिक व्यय के लिये धनराशि को प्राप्त विदेशी फंड के 50% से घटाकर 20% तक कर दिया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   a. केवल 3
   b. केवल 2
   c. केवल 1 और 2
   d. केवल 1

4. हाल ही में जारी 'भारत में अपराध-2019' रिपोर्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह रिपोर्ट विधि एवं न्याय मंत्रालय के तहत विधि कार्य विभाग द्वारा जारी की गई है।
   2. इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2019 में अनुसूचित जाति के विरुद्ध सबसे अधिक अपराध उत्तर प्रदेश में दर्ज किये गए हैं।
   3. वर्ष 2019 में महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में कमी हुई है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   a. केवल 3
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 2
   d. केवल 2

नोट :

5. 'पर्माफ्रॉस्ट' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह स्थान जो कम-से-कम पूरे एक वर्ष तक निम्न तापमान पर होने के कारण जमा हुआ हो, पर्माफ्रॉस्ट कहलाता है।
2. पर्माफ्रॉस्ट में केवल हिम की मौजूदगी होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

6. हाल ही में समाचारों में रहा शब्द 'गावी' (GAVI) किस क्षेत्र/विषय से संबंधित है?

a. COVID-19 से निपटने हेतु विकसित की गई एक वैक्सीन से
b. चीन में अवस्थित एक रेगिस्तान से
c. DRDO द्वारा विकसित एक रक्षा प्रणाली से
d. वैक्सीन के विकास एवं वितरण से संबंधित एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन से

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'बोंगोसागर' भारत और म्याँमार के बीच आयोजित होने वाला द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है।
2. जिमेक्स (JIMEX) भारत-जापान के मध्य आयोजित होने वाला द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

8. हाल ही में समाचारों में रहे पेटसे PETase एवं म्हेटसे MHETase हैं:

a. प्लास्टिक विघटित करने वाले एंज़ाइम
b. क्षुद्रग्रह
c. मापक इकाइयाँ
d. उपरोक्त में से कोई नहीं

9. केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्र प्रायोजित योजनाएँ पूर्ण रूप (100%) से केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित होती हैं।
2. कोर ऑफ द कोर स्कीम (Core of the Core Schemes) केंद्रीय क्षेत्रक योजनाओं का हिस्सा है।
3. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

नोट :

10. 'भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण' (IRDAI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह एक संवैधानिक निकाय है।
    2. इसकी स्थापना वर्ष 1999 में की गई थी।
    3. यह पॉलिसीधारकों के हितों एवं अधिकारों की रक्षा तथा बीमा उद्योग के विकास को बढ़ावा देने का कार्य करता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3
11. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्यपाल को क्षमादान देने और कुछ विशिष्ट मामलों में सज़ा को निलंबित करने, कम करने अथवा परिवर्तित करने की शक्ति प्रदान करता है?
    a. अनुच्छेद 72
    b. अनुच्छेद 21
    c. अनुच्छेद 151
    d. अनुच्छेद 161
12. हाल ही में समाचारों में रहे 'एरिओकौलोन परविसेफालम' एवं 'एरिओकौलोन कारावलेंस' हैं:
    a. पाइपवर्ट की नई प्रजातियाँ
    b. आर्किड की नई प्रजातियाँ
    c. कोस्किनियम फेनेस्ट्राटम की नई प्रजातियाँ
    d. उपरोक्त में से कोई नहीं
13. 'न्यू कैलेडोनिया' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह क्षेत्र अटलांटिक महासागर में अवस्थित है।
    2. फ्राँस ने वर्ष 1853 में नेपोलियन द्वितीय के शासन काल के दौरान न्यू कैलेडोनिया को अपना उपनिवेश बना लिया था।
    3. न्यू कैलेडोनिया में स्थानीय स्व-शासन की स्थापना हेतु वर्ष 1998 में 'नौमिया समझौते' को लागू किया गया।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?
    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3
14. पॉलीग्राफ परीक्षण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह परीक्षण इस धारणा पर आधारित है कि जब कोई व्यक्ति झूठ बोलता है तो उसकी मानसिक प्रतिक्रियाएँ किसी सामान्य स्थिति में उत्पन्न होने वाली मानसिक प्रतिक्रियाओं से अलग होती हैं।
    2. इस परीक्षण के दौरान किसी व्यक्ति के रक्तचाप, स्पंदन, श्वसन, पसीने की ग्रंथि में परिवर्तन और रक्त प्रवाह को मापा जाता है।
    3. इस परीक्षण में व्यक्ति को नशीली दवाओं का इंजेक्शन दिया जाता है, जिससे वह व्यक्ति कृत्रिम निद्रावस्था या अचेतन अवस्था में पहुँच जाता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?
    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3

**नोट :**

15. 'वित्तीय आसूचना एकक-भारत' (FIU-IND) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वर्ष 2019 में की गई थी।
2. यह 'प्रवर्तन निदेशालय' के तहत कार्य करता है।
3. इसे अर्थशोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA) के तहत बैंकों से क्रॉस बॉर्डर वायर ट्रांसफर रिपोर्ट प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

16. प्राचीन भारतीय इतिहास से संबंधित शब्द 'कायोत्सर्ग' (Kayotsarga) है:

a. एक यौगिक आसन
b. एक प्रमुख विधिक अधिकारी
c. एक साहित्यिक कृति
d. मालाबार तट का एक प्राचीन बंदरगाह

17. स्वतंत्रता आंदोलन के समय की एक घटना 'गांधी विवाह' (Gandhi Marriages) का संबंध निम्नलिखित में से किस आंदोलन से है?

a. चंपारण सत्याग्रह
b. दांडी मार्च
c. असहयोग आंदोलन
d. भारत छोड़ो आंदोलन

18. निम्नलिखित जलवायु प्रदेश विशेषताओं पर विचार कीजिये:

1. यहाँ औसत वार्षिक वर्षा 35–90 सेंटीमीटर तक होती है।
2. सबसे गर्म माह में तापमान 10°C या इससे अधिक रहता है, जबकि सबसे ठंडे माह का तापमान 18°C से कम परंतु -3♦C से अधिक रहता है।
3. जल निकायों की उपस्थिति से शीतलन प्रभाव के कारण इस जलवायु में चरम विशेषताओं का अभाव रहता है।

उपरोक्त जलवायु विशेषताएँ किस जलवायु प्रदेश को संदर्भित करती हैं?

a. ब्रिटिश तुल्य जलवायु
b. आर्कटिक जलवायु
c. भूमध्यसागरीय जलवायु
d. उपरोक्त में से कोई नहीं

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत और म्याँमार की थल सीमा पूर्वोत्तर भारत के चार राज्यों (अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा) से मिलती है।
2. भारत और म्याँमार 'आसियान' और 'सार्क' समूह के स्थायी सदस्य हैं।
3. भारत और म्याँमार के बीच वर्ष 2017 में 'रखाइन राज्य विकास कार्यक्रम' से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

**नोट :**

20. 'केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक सांविधिक निकाय है जिसका उद्देश्य भारत में जानवरों के रख-रखाव और स्वास्थ्य देखभाल हेतु न्यूनतम मानदंडों को लागू करना है।
2. इस आयोग की अध्यक्षता प्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

21. 'कृषि लागत एवं मूल्य आयोग' (CACP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वर्ष 1995 में की गई थी।
2. इस आयोग में गैर-सरकारी सदस्य के रूप में कृषक समुदाय के सदस्य भी शामिल होते हैं।
3. यह आयोग प्रत्येक 6 माह में 'मूल्य नीति रिपोर्ट' के रूप में सरकार को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

22. हाल ही में समाचारों में रहा पद 'ओवर द टॉप' (OTT) किस क्षेत्र से संबंधित है?

a. दूर संचार क्षेत्र से
b. चिकित्सा क्षेत्र से
c. कृषि क्षेत्र से
d. रक्षा क्षेत्र से

23. निम्नलिखित में से कौन-सी समितियाँ भारत में आपराधिक कानूनों में सुधार से संबंधित हैं?

1. मलिमथ समिति
2. माधव मेनन समिति
3. न्यायमूर्ति जे. एस. वर्मा समिति

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

24. विश्व पर्यावास दिवस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2020 के लिये इस दिवस की मेज़बानी इंडोनेशिया और केन्या द्वारा संयुक्त रूप से की गई।
2. पहली बार विश्व पर्यावास दिवस वर्ष 1986 में मनाया गया था, जिसकी मेज़बानी केन्या की राजधानी नैरोबी द्वारा की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

25. लोकपाल और लोकायुक्त के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा लोकपाल और लोकायुक्त की नियुक्ति का सुझाव दिया गया था।
2. प्रधानमंत्री को भी लोकपाल की परिधि में रखा गया है।
3. भारत में लोकायुक्त कार्यालय का गठन सबसे पहले ओडिशा में किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

26. परमाणु निशस्त्रीकरण के संदर्भ में निम्नलिखित विचार कीजिये:

1. वर्ष 2013 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा 26 सितंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय परमाणु हथियार पूर्ण उन्मूलन दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की गई।
2. 'परमाणु परीक्षण विरोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस' 29 अगस्त को मनाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. न तो 1 और न ही 2

27. हाल ही में समाचारों में रही चालियार (Chaliyar) एवं काबिनी (Kabini) नदियों का उद्गम भारत के किस राज्य से होता है?

a. कर्नाटक
b. केरल
c. तमिलनाडु
d. तेलंगाना

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'पगड़ी संभाल जट्टा' आंदोलन के मुख्य नेतृत्त्वकर्त्ता सरदार भगत सिंह थे।
2. 'भारत माता सोसाइटी' नामक भूमिगत संगठन का मुख्य उद्देश्य वर्ष 1857 की क्रांति की 50वीं वर्षगाँठ पर इस क्रांति को फिर से शुरू करने की तैयारी करना था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत विश्व में कपास का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है।
2. कपास की सुविन (SUVIN) प्रजाति विशेष रूप से भारत के तमिलनाडु में उगाई जाती है।
3. सुविन को कोयंबटूर के तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त कपास ब्रीडर वी. संथानम द्वारा तैयार किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 2 और 3
b. केवल 1 और 2
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

**नोट :**

30. वर्ष 2020 में रसायन क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार किस विषय पर प्रदान किया गया है?

a. जीनोम एडिटिंग टूल का विकास

b. नए रेडियोएक्टिव पदार्थ की खोज

c. लिथियम-आयन बैटरी का विकास

d. उपरोक्त में से कोई नहीं

31. हाल ही में समाचारों में रहा 'अबॉर्टेल्फुसा नामदफेंसिस' (Abortelphusa Namdaphaensis) है:

a. मछली की एक प्रजाति

b. केकड़े की एक प्रजाति

c. कछुए की एक प्रजाति

d. उपरोक्त में से कोई नहीं

32. मध्य-एशिया में बहने वाली पंज नदी (Panj River) जो आमू दरिया नदी की एक सहायक नदी है, निम्नलिखित में से किन दो देशों की सीमाओं का निर्माण करती है?

a. आर्मीनिया और अज़रबैजान

b. अफगानिस्तान और पाकिस्तान

c. अफगानिस्तान और ताजिकिस्तान

d. तुर्कमेनिस्तान और किर्गिज़स्तान

33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19(1) के तहत नागरिकों को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया गया है।
2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19(2) के तहत नागरिकों को बिना हथियार किसी स्थान पर शांतिपूर्वक इकट्ठा होने का अधिकार प्रदान किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

34. हाल ही में समाचारों में रहे बायोस्कैन (BIOSCAN) और प्लैनेटरी बायोडायवर्सिटी मिशन (PBM) किस विषय से संबंधित हैं?

a. डीएनए बारकोडिंग से

b. जैविक हथियारों के रख-रखाव से

c. तनाव दूर करने हेतु मेंटल स्कैनिंग से

d. शरीर में ड्रग्स का पता लगाने से

35. 'गुप्कर घोषणा II' (Gupkar Declaration II) संबंधित है:

a. वर्ष 1857 की क्रांति से

b. भारत छोड़ो आंदोलन से

c. अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से

d. सिक्किम के भारत में विलय से

नोट :

36. निम्नलिखित में से कौन-सी रिपोर्टें विश्व बैंक द्वारा जारी की जाती हैं?
    1. पॉवर्टी एंड शेयर प्रॉस्पेरिटी रिपोर्ट
    2. वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट
    3. साउथ एशिया इकोनॉमिक फोकस रिपोर्ट
    4. वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 1, 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. उपरोक्त सभी

37. 'राष्ट्रीय फ्लोरोसिस निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इस कार्यक्रम की शुरुआत 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान की गई थी।
    2. इस कार्यक्रम के तहत पेयजल में फ्लोरिसिस की उच्च मात्रा वाले देश के सभी ज़िलों को शामिल किया गया।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

38. 'रुद्रम मिसाइल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह एक एंटी-रेडिएशन मिसाइल है जिसकी ऑपरेशनल रेंज 100 किमी. से अधिक है।
    2. हवा-से-हवा में मार करने वाली इस मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित किया गया है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

39. 'अर्थशॉट पुरस्कार' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह पुरस्कार पृथ्वी पर सबसे गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान हेतु वित्तपोषण से संबंधित है।
    2. यह पुरस्कार पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ. केनेडी द्वारा शुरू किये गए मूनशॉट पुरस्कार से प्रेरित है।
    3. ये पुरस्कार वर्ष 2021 से वर्ष 2030 तक की अवधि में प्रदान किये जाएंगे।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
    a. केवल 2 और 3
    b. केवल 1 और 2
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3

40. मूल्य भुगतान का निम्नलिखित में से कौन-सा माध्यम ग्राहकों के खाते में वास्तविक समय पर धनराशि हस्तांतरण की सुविधा को सक्षम बनाता है और इसका प्रयोग मुख्य तौर पर बड़े लेन-देन के लिये किया जाता है?
    a. नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (NEFT)
    b. एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI)
    c. तत्काल भुगतान सेवा (IMPS)
    d. रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम (RTGS)

**नोट :**

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन' की स्थापना वर्ष 1874 में बर्न (स्विट्ज़रलैंड) में की गई थी।
2. 1 अक्तूबर को विश्व डाक दिवस मनाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

42. वर्ष 1991 में एक स्वतंत्र देश के रूप में अस्तित्त्व में आया मध्य-एशिया का यह देश उत्तर-पश्चिम और उत्तर में कज़ाखस्तान, पूर्व एवं दक्षिण में चीन तथा दक्षिण और पश्चिम में ताज़िकिस्तान एवं उज़्बेकिस्तान के साथ अपनी सीमा साझा करता है। यह रूस के नेतृत्व वाले सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (CSTO) का सदस्य भी है, इसके अलावा यहाँ रूसी एयर बेस भी मौजूद है।

उपर्युक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस देश को संदर्भित किया गया है?

a. किर्गिज़स्तान
b. अफगानिस्तान
c. तुर्कमेनिस्तान
d. ईरान

43. विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कार्यक्रम विश्व बैंक द्वारा संचालित है।
2. इसे वर्ष 2020 के नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
3. इसका मुख्यालय रोम (इटली) में अवस्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

44. 'सूचना का अधिकार अधिनियम' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस अधिनियम के तहत व्यक्तिगत सूचना के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की सूचना की मांग की जा सकती है।
2. राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति को सूचना के अधिकार के दायरे में शामिल नहीं किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

45. हाल ही में समाचारों में रही रेड अपोलो, कॉमन मैप और टेललेस बुशब्लू जैसी प्रजातियाँ हैं:

a. उभयचर
b. पक्षी
c. तितली
d. सरीसृप

**नोट :**

46. हाल ही में समाचारों में रहा 'स्टेथेन्टेक्स कोविडा' (Stethantyx Covida) है:

a. COVID-19 के लिये जापान द्वारा विकसित वैक्सीन

b. COVID-19 के लिये चीन द्वारा विकसित वैक्सीन

c. पैरासिटॉइड ततैया की नई प्रजाति

d. तितली की एक नई प्रजाति

47. अर्थशास्त्र के क्षेत्र में वर्ष 2020 का नोबेल पुरस्कार किस क्षेत्र विशेष हेतु प्रदान किया गया है?

a. नीलामी सिद्धांत में सुधार और नए नीलामी प्रारूपों के आविष्कार के लिये

b. गरीबी उन्मूलन पर प्रायोगिक कार्य के लिये

c. दीर्घकालिक समष्टि अर्थशास्त्र विश्लेषण में तकनीकी नवाचारों को एकीकृत करने के लिये

d. उपरोक्त में से कोई नहीं

48. हाल ही में समाचारों में रही 'दक्षिण एशिया आर्थिक फोकस' रिपोर्ट को किस संस्था/संगठन द्वारा जारी किया जाता है?

a. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन

b. बिम्सटेक

c. विश्व आर्थिक मंच

d. विश्व बैंक

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग एक वैधानिक निकाय है।
2. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का संचालन केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत किया जाता है।
3. किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर बाल कल्याण समितियों (CWC) के गठन की व्यवस्था की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2

b. केवल 2 और 3

c. केवल 1 और 3

d. 1, 2 और 3

50. पूर्वी अफ्रीका में तंज़ानिया के उत्तर-पूर्व में लगभग भू-मध्य रेखा पर अवस्थित यह पर्वत अफ्रीका महाद्वीप का सबसे ऊँचा पर्वत है। यह विश्व के सात सबसे ऊँचे पर्वतों में से एक है। साथ ही यह पर्वत विश्व का सबसे ऊँचा 'फ्री-स्टैंडिंग माउंटेन' भी है।

उपर्युक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस पर्वत को संदर्भित किया गया है?

a. माउंट एवरेस्ट

b. माउंट एल्ब्रुस

c. माउंट एकांकागुआ

d. माउंट किलिमंजारो

51. हाल ही में केरल सरकार द्वारा शुरू किया गया 'फर्स्ट बेल' कार्यक्रम निम्नलिखित में से किस विषय से संबंधित है?

a. खेल-कूद को प्रोत्साहन

b. श्रवण बाधित बच्चों की शिक्षा

c. कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्ति पर पुरस्कार

d. ऑनलाइन माध्यम से नियमित कक्षाएँ

नोट :

52. 'अवकाश यात्रा रियायत' (Leave Travel Concession-LTC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्र सरकार के सभी कर्मचारी प्रत्येक वर्ष दो बार LTC का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।
2. LTC के तहत कर्मचारियों को 10 दिनों के अवकाश का भुगतान भी प्रदान किया जाता है।
3. केंद्र सरकार द्वारा अवकाश यात्रा रियायत नकद बाउचर योजना के तहत मिलने वाले लाभ को दोगुना कर दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

53. 'एक्वापोनिक्स कृषि प्रणाली' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एक्वापोनिक्स एक उभरती हुई तकनीक है जिसमें मत्स्यन के साथ-साथ पौधों को भी एकीकृत तरीके से उगाया जाता है।
2. एक्वापोनिक प्रणाली की आरंभिक लागत मृदा उत्पादन अथवा हाइड्रोपोनिक्स की तुलना में बहुत कम होती है।
3. शुष्क क्षेत्रों के लिये यह एक उपयुक्त तकनीक है क्योंकि इस तकनीक में जल का पुन: उपयोग करके खाद्य उत्पादन किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 1 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

54. राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस मिशन की शुरुआत मार्च, 2015 में 4500 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत के साथ की गई थी।
2. इस मिशन के तहत 5 वर्षों में 20,000 कुशल व्यक्तियों का एक मज़बूत आधार तैयार किया जाएगा जो सुपरकंप्यूटरों की जटिलताओं को प्रबंधित करने में सक्षम होंगे।
3. इस मिशन के तहत स्थापित प्रथम सुपरकंप्यूटर 'परम शिवाय' है जिसकी गणना क्षमता टेराफ्लॉप में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

55. वर्ष 2020 में 'अपोज़िशन' (Opposition) नामक एक घटना के कारण कौन-सा ग्रह अंतरिक्ष में तीसरा सबसे चमकीला पिंड बन गया है?

a. मंगल
b. बृहस्पति
c. शुक्र
d. चंद्रमा

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गोबी मरुस्थल पूर्वी एशिया में एक बड़ा रेगिस्तान या ब्रशलैंड (Brushland) क्षेत्र है जिसमें उत्तरी एवं पूर्वोत्तर चीन, दक्षिणी मंगोलिया एवं पूर्वी रूस के हिस्से शामिल हैं।
2. तिब्बत के पठार के कारण गोबी मरुस्थल को वृष्टि छाया रेगिस्तान कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

57. निम्नलिखित में से किन उत्सवों का आयोजन भारत में नवरात्रि त्यौहार के दौरान से किया जाता है?

1. बोम्मई गोलू
2. बोम्माला कोलुवु
3. गरबा नृत्य
4. रामलीला

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 3 और 4
b. केवल 2, 3 और 4
c. केवल 3 और 4
d. 1, 2, 3 और 4

58. आयुध निर्माणी बोर्ड (OFB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह गृह मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य करता है।
2. इस विशाल औद्योगिक ढाँचे के तहत केवल 41 आयुध कारखानों को शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

59. अंतर्राष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (PISA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. PISA की शुरुआत वर्ष 2000 में 'आर्थिक सहयोग और विकास संगठन' (OECD) द्वारा की गई थी।
2. यह अधिगम, गणित और विज्ञान में 15 वर्षीय बच्चों के सीखने के स्तर का परीक्षण करता है।
3. भारत ने वर्ष 2012 और वर्ष 2015 में अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वर्ष 2019 में इस मूल्यांकन प्रणाली में भाग न लेने का निर्णय लिया है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 2
d. 1, 2 और 3

60. कॉफी क्लब या UFC समूह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के विस्तार का समर्थन करता है।
2. भारत इस समूह का एक सदस्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

## व्याख्या

1. (b)

**व्याख्या:**

- लिपि (Script) एक विशेष भाषा को लिखने के लिये उपयोग किये जाने वाले अक्षरों के समूह को संदर्भित करती है। जैसे- देवनागरी, रोमन आदि। भारती लिपि को IIT मद्रास में श्रीनिवास चक्रवर्ती (Srinivasa Chakravarthy) की टीम ने विकसित किया है। भारती एक सरल एवं एकीकृत लिपि है जिसका उपयोग अधिकांश प्रमुख भारतीय भाषाओं को लिखने के लिये किया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे विभिन्न भारतीय भाषाओं/लिपियों एवं अंग्रेज़ी भाषा से सरल अक्षरों को लेते हुए सरलतम आकृतियों का उपयोग करके बनाया गया है। यह लिपि हिंदी/मराठी, तमिल, तेलुगू, गुजराती, पंजाबी (गुरुमुखी), बंगाली, उड़िया, कन्नड़ एवं मलयालम का समर्थन करती है। यह 'एक राष्ट्र-एक लिपि' (One Nation-One Script) के अनुरूप है। **अत: कथन 2 एवं 3 सही है।**

2. (c)

**व्याख्या:**

- 'अंबेडकर सोशल इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन मिशन' (ASIIM) के तहत देश के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रौद्योगिकी व्यापार इनक्यूबेटर (Technology Business Incubators- TBIs) के माध्यम से अगले 4 वर्षों में स्टार्ट-अप आधारित विचारों के साथ अनुसूचित जाति के 1000 युवाओं की पहचान की जाएगी। जिसके बाद उन्हें इक्विटी फंडिंग के तौर पर 3 वर्ष में 30 लाख रुपए का फंड दिया जाएगा ताकि वे अपने स्टार्ट-अप स्थापित करने के विचार को वाणिज्यिक उद्यम में परिवर्तित कर सकें। सफल उपक्रम के लिये आगे की निधि हेतु 'अनुसूचित जाति के लिये वेंचर कैपिटल फंड' से 5 करोड़ रुपए तक की वेंचर फंडिंग के लिये अर्हता प्राप्त करेंगे। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- 'अंबेडकर सोशल इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन मिशन' (ASIIM) की शुरुआत केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत की गई है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ASIIM पहल को 'वेंचर कैपिटल फंड फॉर एससी' (VCF-SC) द्वारा लागू किया जाएगा जिसे वर्ष 2016 में 500 करोड़ रुपए की निधि के साथ स्थापित किया गया था।

3. (a)

**व्याख्या:**

- विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2020 (Foreign Contribution (Regulation) Amendment Bill, 2020) संसद द्वारा विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 (Foreign Contribution (Regulation) Act, 2010) में संशोधन करके पारित किया गया था।
- विदेशी धन प्राप्त करने के लिये एक गैर सरकारी संगठन को गृह मंत्रालय के पास पंजीकरण कराना होता है। इसे एक विशिष्ट FCRA पंजीकरण संख्या सौंपी जाती है, जिसे प्रत्येक पाँच वर्ष में नवीनीकृत किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रत्येक FCRA-पंजीकृत एनजीओ को नई दिल्ली में भारतीय स्टेट बैंक की एक नामित शाखा में FCRA-चिह्नित बैंक खाता खोलना होगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रशासनिक व्यय पर धनराशि को प्राप्त विदेशी फंड के 50% से घटाकर 20% तक कर दिया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**
- यह अधिनियम एक इकाई द्वारा एक सहयोगी संगठन या एक संबंधित व्यक्ति को प्राप्त विदेशी अनुदान के हस्तांतरण पर प्रतिबंध लगाता है।

4. (d)

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (National Crime Records Bureau-NCRB) द्वारा हाल ही में जारी 'भारत में अपराध-2019' (Crime in India-2019) रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018 की अपेक्षा वर्ष 2019 में अनुसूचित जातियों (SC) और अनुसूचित जनजातियों (ST) के विरुद्ध होने वाले अपराधों में क्रमश: 7.3% और 26.5% की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

नोट :

- राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की स्थापना केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत वर्ष 1986 में इस उद्देश्य से की गई थी कि भारतीय पुलिस को कानून व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिये पुलिस तंत्र को सूचना प्रौद्योगिकी समाधान और आपराधिक गुप्त सूचनाएँ प्रदान करके समर्थ बनाया जा सके। **अतः कथन (1) सही नहीं है।**
- 'भारत में अपराध-2019' रिपोर्ट के अनुसार, अनुसूचित जातियों (SC) के विरुद्ध होने वाले अपराधों के कुल 45,935 मामले दर्ज किये गए और वर्ष 2018 की अपेक्षा वर्ष 2019 में इस प्रकार के अपराधों में 7.3% की वृद्धि दर्ज हुई।
- अनुसूचित जातियों (SC) के विरुद्ध होने वाले अपराधों के सबसे अधिक मामले उत्तर प्रदेश (11,829) में दर्ज किये गए, जिसके बाद राजस्थान और बिहार का स्थान है, जहाँ क्रमशः 6,794 और 6,544 मामले सामने आए। **अतः कथन (2) सही है।**
- वर्ष 2019 के दौरान महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4,05,861 मामले दर्ज किये गए। यह संख्या वर्ष 2018 में दर्ज मामलों की संख्या (3,78,236) से 7.3% अधिक थी। प्रति लाख जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों की सर्वाधिक दर असम में दर्ज की गई। **अतः कथन (3) सही नहीं है।**

5. (d)

**व्याख्या:**

- पर्माफ्रॉस्ट (Permafrost) ऐसे स्थान को कहते हैं जो कम-से-कम लगातार दो वर्षों तक कम तापमान पर होने के कारण जमा हुआ हो। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह मुख्य तौर पर ध्रुवीय क्षेत्रों और ग्रीनलैंड, अलास्का, रूस, उत्तरी कनाडा और साइबेरिया के कुछ हिस्सों के ऊँचे पहाड़ों वाले क्षेत्रों में पाया जाता है।
- पर्माफ्रॉस्ट में मृदा, चट्टान और हिम (Snow) एक साथ पाए जाते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- गौरतलब है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि से पर्माफ्रॉस्ट पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जिससे पर्माफ्रॉस्ट पिघलना शुरू हो गए हैं।

6. (d)

**व्याख्या:**

- गावी (Global Alliance for Vaccines and Immunization- GAVI) एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। इसकी स्थापना वर्ष 2000 में की गई थी।
- इसका उद्देश्य विश्व के सबसे गरीब देशों में रह रहे बच्चों के लिये नए टीकों की पहुँच सुनिश्चित करने के लिये सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र को साथ लाना है। इसके मुख्य भागीदारों में WHO, यूनिसेफ, विश्व बैंक और 'बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन' आदि शामिल हैं।
- गावी द्वारा हाल ही में पुणे स्थित 'सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया' (Serum Institute of India- SII) ने COVID-19 वैक्सीन के उत्पादन हेतु फंडिंग प्रदान की गई है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

7. (b)

**व्याख्या:**

- भारतीय नौसेना और बांग्लादेशी नौसेना के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'बोंगोसागर' (BONGOSAGAR) के दूसरे संस्करण का आयोजन 03 अक्तूबर, 2020 से बंगाल की खाड़ी में शुरू हो रहा है। इसका उद्देश्य व्यापक समुद्री अभ्यास एवं संचालन के माध्यम से अंतर-संचालन एवं संयुक्त परिचालन कौशल विकसित करना है। बोंगोसागर नौसैनिक अभ्यास का पहला संस्करण वर्ष 2019 में आयोजित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- 26 से 28 सितंबर, 2020 के मध्य उत्तरी अरब सागर में भारत-जापान के मध्य द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'जिमेक्स 20' (JIMEX 20) के चौथे संस्करण का आयोजन किया गया। यह नौसैनिक अभ्यास भारतीय नौसेना एवं जापानी समुद्री आत्म-रक्षा बल (Japanese Maritime Self-Defense Force- JMSDF) के बीच द्विवार्षिक रूप से आयोजित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

8. (a)

**व्याख्या:**

- पेटसे (PETase) एवं म्हेटसे (MHETase), प्लास्टिक का विघटन करने वाले एंज़ाइम हैं जिनको आपस में मिलकर एक सुपर एंज़ाइम' (Super Enzyme) का गठन किया गया है जो अपने पूर्ववर्ती एंज़ाइमों की तुलना में छह गुना तेज़ी से प्लास्टिक को विघटित कर सकता है।

नोट :

- दूसरा एंज़ाइम म्हेटसे (MHETase) जो आहार के रूप में प्लास्टिक की बोतलों पर निर्भर रहने वाले रबिस ड्वेलिंग बक्टीरियम (Rubbish Dwelling Bacterium) में पाया जाता है, जिसे प्लास्टिक के विघटित होने की गति को तेज़ करने के लिये पेटसे के साथ संयुक्त किया गया है।
- पेटसे (PETase) पॉलीएथलीन टेरेफ्थेलेट (Polyethylene Terephthalate- PET) को ब्लॉक्स में विघटित करता है जिससे प्लास्टिक का पुनर्चक्रण करने और प्लास्टिक प्रदूषण एवं ग्रीनहाउस गैसों को कम करने का अवसर मिलता है। PET सबसे आम थर्मोप्लास्टिक है जिसका एकल उपयोगी पेयजल की बोतलों, कपड़े एवं कालीन बनाने के लिये किया जाता है और इसे विघटित होने में सैकड़ों वर्ष लगते हैं किंतु पेटसे (PETase) इस अवधि को छोटा कर सकता है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

9. (a)

**व्याख्या:**

- केंद्रीय क्षेत्रक योजनाएँ (Central Sector Schemes) पूर्ण रूप (100%) से केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित होती हैं जबकि केंद्र प्रायोजित योजनाओं (Centrally Sponsored Schemes) के कार्यान्वयन हेतु वित्त की व्यवस्था केंद्र तथा राज्य द्वारा मिलकर की जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- कोर ऑफ द कोर स्कीम (Core of the Core Schemes) केंद्र प्रायोजित योजनाओं (Centrally Sponsored Schemes) का हिस्सा है । **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' एक केंद्र प्रायोजित योजना (Centrally Sponsored Scheme) है। **अतः कथन 3 सही है।**

10. (b)

**व्याख्या:**

- भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (Insurance Regulatory and Development Authority of India- IRDAI) की स्थापना 'बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999' के तहत की गई थी। अतः यह एक सांविधिक निकाय (Statutory authority) है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- IRDAI की स्थापना वर्ष 1999 में आर.एन. मल्होत्रा समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- IRDAI का मुख्य उद्देश्य पॉलिसीधारकों के हितों और अधिकारों की रक्षा तथा बीमा उद्योग के विकास को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 3 सही है।**

11. (d)

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 161 राज्य के राज्यपाल को क्षमादान करने और कुछ विशिष्ट मामलों में सज़ा को निलंबित करने, कम करने अथवा परिवर्तित करने की शक्ति प्रदान करता है।
- किसी भी राज्य के राज्यपाल को ऐसे सभी मामलों में क्षमादान, सज़ा को निलंबित करने, कम करने और परिवर्तित करने की शक्ति प्राप्त है, जहाँ किसी ऐसे कानून का उल्लंघन किया गया हो जो कि राज्य की कार्यकारी शक्तियों के अधीन हो।
- वहीं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 72 में राष्ट्रपति को अधिकार दिया गया है कि वह किसी अपराध के लिये दोषी करार दिये गए व्यक्ति को क्षमादान देने अर्थात् दंडादेश का निलंबन, प्राणदंड स्थगन, राहत और माफी प्रदान कर सकता है।
- ध्यातव्य है कि राष्ट्रपति उन सभी मामलों में अपनी इस शक्ति का प्रयोग कर सकता है, जहाँ सज़ा कोर्ट मार्शल द्वारा सुनाई गई हो, जहाँ किसी ऐसे कानून का उल्लंघन किया गया हो जो कि संघ की कार्यकारी शक्तियों के अधीन हो और जहाँ किसी अपराध के लिये मृत्यु दंड दिया गया हो। **अतः विकल्प (d) सही है।**

12. (a)

**व्याख्या:**

- एरिओकौलोन परविसेफालम (Eriocaulon Parvicephalum) एवं एरिओकौलोन कारावलेंस (Eriocaulon Karaavalense) महाराष्ट्र एवं कर्नाटक के पश्चिमी घाट से खोजी गई पाइपवर्ट (Pipeworts) की दो नई प्रजातियाँ हैं।

नोट :

- पाइपवर्ट (Pipeworts) जिसे एरिओकौलोन (Eriocaulon) के नाम से भी जाना जाता है, वे पौधे हैं जो मानसून के दौरान एक छोटी अवधि में अपना जीवन चक्र पूरा करते हैं। यह भारत के पश्चिमी घाटों में बहुत विविध रूप में पाया जाता है।
- भारत में पाइपवर्टों की लगभग 111 प्रजातियाँ पाई जाती हैं। इनमें से अधिकांश प्रजातियाँ पश्चिमी घाट एवं पूर्वी हिमालय में पाई जाती हैं और उनमें से लगभग 70% देश के लिये स्थानिक हैं। **अतः विकल्प (a) सही है।**

13. (a)

**व्याख्या:**

- न्यू कैलेडोनिया (New Caledonia) दक्षिणी प्रशांत महासागर में अवस्थित एक द्वीप समूह है। वर्ष 1774 में ब्रिटिश खोजकर्त्ता जेम्स कुक (James Cook) ने स्कॉटलैंड के लैटिन नाम 'कैलेडोनिया' के आधार पर इस द्वीप को न्यू कैलेडोनिया का नाम दिया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1853 में फ्राँस के शासक 'नेपोलियन तृतीय' (Emperor Napoleon-III) ने 'न्यू कैलेडोनिया' को जीत लिया और कई दशकों तक इसका प्रयोग एक जेल कालोनी (Prison Colony) के रूप में किया जाता रहा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 1998 के 'नौमिया समझौते' के तहत 'न्यू कैलेडोनिया' में एक चरणबद्ध तरीके से स्थानीय स्वशासन की स्थापना और सत्ता के हस्तांतरण हेतु रूपरेखा तैयार की गई। **अतः कथन 3 सही है।**

14. (c)

**व्याख्या:**

- पॉलीग्राफ परीक्षण इस धारणा पर आधारित है कि जब कोई व्यक्ति झूठ बोलता है तो उस स्थिति में उसकी शारीरिक प्रतिक्रियाएँ किसी सामान्य स्थिति में उत्पन्न होने वाली शारीरिक प्रतिक्रियाओं से अलग होती हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस प्रक्रिया के दौरान कार्डियो-कफ (Cardio-Cuffs) या सेंसिटिव इलेक्ट्रोड (Sensitive Electrodes) जैसे अत्याधुनिक उपकरण व्यक्ति के शरीर से जोड़े जाते हैं और इनके माध्यम से रक्तचाप, स्पंदन, श्वसन, पसीने की ग्रंथि में परिवर्तन और रक्त प्रवाह आदि को मापा जाता है। साथ ही इस दौरान उससे प्रश्न भी पूछे जाते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस प्रक्रिया के दौरान व्यक्ति की प्रत्येक शारीरिक प्रतिक्रिया को कुछ संख्यात्मक मूल्य दिया जाता है, ताकि आकलन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सके कि वह व्यक्ति सच कह रहा है अथवा झूठ बोल रहा है।
- पॉलीग्राफ परीक्षण के विपरीत नार्को परीक्षण में व्यक्ति को सोडियम पेंटोथल (Sodium Pentothal) जैसी दवाओं का इंजेक्शन दिया जाता है, जिससे वह व्यक्ति कृत्रिम निद्रावस्था या बेहोश अवस्था में पहुँच जाता है। इस दौरान जिस व्यक्ति पर यह परीक्षण किया जाता है उसकी कल्पनाशक्ति तटस्थ अथवा बेअसर हो जाती है और उससे सही सूचना प्राप्त करने या जानकारी के सही होने की उम्मीद की जाती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- हालाँकि इन दोनों ही विधियों में वैज्ञानिक रूप से 100 प्रतिशत सफलता दर प्राप्त नहीं हुई है और चिकित्सा क्षेत्र में भी ये विधियाँ विवादास्पद बनी हुई हैं।

15. (a)

**व्याख्या:**

- 'वित्तीय आसूचना एकक-भारत' (Financial Intelligence Unit– India or FIU-IND) को वित्त मंत्रालय के तहत, नवंबर 2004 में संदिग्ध वित्तीय लेन देन से संबंधित जानकारी प्राप्त करने, विश्लेषण और प्रसार के लिये नोडल एजेंसी के रूप में स्थापित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- FIU-IND, एक स्वायत्त निकाय है यह सीधे वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाले 'आर्थिक आसूचना परिषद' (Economic Intelligence Council- EIC) को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- FIU-IND को अर्थशोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA) के तहत बैंकों से नकद लेन देन रिपोर्ट (CTR), संदिग्ध लेन देन रिपोर्ट (STRs), क्रॉस बॉर्डर वायर ट्रांसफर रिपोर्ट आदि प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है। **अतः कथन 3 सही है।**

**नोट :**

16. (a)

**व्याख्या:**

- 'कायोत्सर्ग' (Kayotsarga) एक यौगिक आसन है जो जैन धर्म से संबंधित 'ध्यान प्रक्रिया' का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।
- 'कायोत्सर्ग' का शाब्दिक अर्थ है 'शरीर को भूल जाना'। अर्थात् किसी भी प्रकार के शारीरिक आराम एवं शारीरिक गतिविधियों को त्याग देना, इस प्रकार स्थिर रहना या खड़े हो जाना जिससे आत्मा के वास्तविक स्वरूप पर ध्यान केंद्रित किया जा सके।
- जैन धर्म में तीर्थंकर को या तो योग मुद्रा में बैठा हुआ या कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़ा हुआ दर्शाया गया है।
- उदाहरण: कर्नाटक के श्रवणबेलगोला में अरिहंत बाहुबली (Arihant Bahubali) की मूर्ति कायोत्सर्ग मुद्रा में अवस्थित है, जिनके बारे में कहा जाता है कि आत्मा के वास्तविक स्वरूप पर ध्यान केंद्रित करने के लिये वह एक वर्ष के लिये कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़े हुए थे। **अत: विकल्प (a) सही है।**

17. (d)

**व्याख्या:**

- भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान देश के कई क्षेत्रों में प्रति सरकारें (Prati Sarkars) जिन्हें समानांतर सरकारें (Parallel Governments) भी कहा जाता है, स्थापित हुईं।
  - वर्ष 1943 की शुरुआत में सतारा (महाराष्ट्र) में एक 'प्रति सरकार' स्थापित की गई जो वर्ष 1945 तक स्थायित्व में रही। इस 'प्रति सरकार' के नेतृत्वकर्त्ता नाना पाटिल थे।
- भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 'गांधी विवाह' (Gandhi Marriages) का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रम की दो मुख्य विशेषताएँ थीं:
  - मितव्ययी विवाह समारोह आयोजित कराना अर्थात् न्यूनतम खर्च, धन का कोई दिखावा नहीं और अन्न का अपव्यय नहीं।
  - अछूतों (Untouchables) को भी विवाह समारोह में आमंत्रित किया जाना।
- मितव्ययी विवाह समारोह (Frugal Marriage Ceremony) के पीछे मुख्य विचार यह था कि भारत छोड़ो आंदोलन एक गहन दौर में प्रवेश कर चुका था इसलिये लोगों को लंबे समय तक के प्रतिरोध के दौरान आत्मनिर्भर रखने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।
  - 'अस्पृश्यता' गांधीवादी विचारधारा के प्रमुख स्तंभों में से एक थी और उनकी सामाजिक समावेशिता के बगैर भारत छोड़ो आंदोलन अपने उद्देश्य में सफल न हो पाता। **अत: विकल्प (d) सही है।**

18. (c)

**व्याख्या:**

- भूमध्य सागर या रुमसागर के आस-पास विकसित होने वाली जलवायु का नाम भूमध्य सागरीय जलवायु रखा गया है।
- इस प्रकार की जलवायु में ग्रीष्म ऋतु शुष्क रहती है। तापमान अपेक्षाकृत अधिक तथा आसमान साफ होता है, वहीं शीत ऋतु में वर्षा होती है।
- इस जलवायु प्रदेश का विस्तार भूमध्य रेखा के दोनों ओर लगभग 30° से 45° अक्षांशों के मध्य महाद्वीपों के पश्चिमी भाग में पाया जाता है। इस जलवायु के अंतर्गत फ्राँस, दक्षिण इटली, यूनान, पश्चिमी तुर्की, सीरिया, पश्चिमी इज़राइल, अल्जीरिया तथा उत्तरी अमेरिका का कैलिफोर्निया, दक्षिण अमेरिका का चिली एवं दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के कुछ राज्य शामिल हैं।
- भूमध्य सागरीय जलवायु प्रदेश की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं:
  - यहाँ औसत वार्षिक वर्षा 35–90 सेंटीमीटर तक होती है।
  - सबसे गर्म माह में तापमान 10°C या इससे अधिक रहता है, जबकि सबसे ठंडे माह का तापमान 18°C से कम परंतु -3°C से अधिक रहता है।
  - जल निकायों की उपस्थिति से शीतलन प्रभाव के कारण इस जलवायु में चरम विशेषताओं का अभाव रहता है।
  - यहाँ के वृक्षों की पत्तियाँ छोटी, चौड़ी एवं मोटी होती हैं तथा वृक्षों की ऊँचाई व सघनता कम होती है। सामान्यत: घनी छाया का अभाव पाया जाता है। **अत: विकल्प (c) सही है।**

नोट :

19. (a)

**व्याख्या:**

- भारत और म्याँमार 1600 किमी. से अधिक लंबी थल सीमा साझा करते हैं, यह सीमा पूर्वोत्तर भारत के चार राज्यों (अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और मिज़ोरम) से मिलती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत और म्याँमार आसियान (ASEAN) समूह के स्थायी सदस्य (Permanent Members) हैं। हालाँकि सार्क (SAARC) समूह में भारत स्थायी सदस्य है, जबकि म्याँमार को वर्ष 2008 में इस समूह में पर्यवेक्षक सदस्य के रूप में शामिल किया गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत और म्याँमार के बीच वर्ष 2017 में 'रखाइन राज्य विकास कार्यक्रम' (Rakhine State Development Programme-RSDP) से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए थे। हाल ही में दोनों देशों के बीच RSDP के तहत कृषि यंत्रीकरण सब-स्टेशन के उन्नयन हेतु एक समझौता-ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये गए हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

20. (a)

**व्याख्या:**

- भारत में चिड़ियाघरों को वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अनुरूप प्रबंधित और राष्ट्रीय चिड़ियाघर नीति, 1998 के तहत निर्देशित किया जाता है।
- भारत सरकार ने देश में चिड़ियाघरों का प्रबंधन करने और बिना मान्यता वाले चिड़ियाघरों की स्थापना को रोकने के लिये वर्ष 1992 में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (CZA) की स्थापना की थी।
- केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण एक सांविधिक निकाय (Statutory Body) है जिसका मुख्य उद्देश्य भारत में जानवरों के रख-रखाव और स्वास्थ्य देखभाल के लिये न्यूनतम मानकों तथा मानदंडों को लागू करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की अध्यक्षता केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री द्वारा की जाती है और इसमें कुल 10 सदस्य और एक सदस्य सचिव शामिल होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण में राष्ट्रीय प्रयास को और अधिक मज़बूती प्रदान करना है।

21. (c)

**व्याख्या:**

- कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (Commission for Agricultural Costs and Prices-CACP) भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है। CACP की स्थापना जनवरी 1965 में की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- CACP में एक अध्यक्ष, सदस्य सचिव, एक सदस्य (सरकारी) और दो सदस्य (गैर-सरकारी) शामिल होते हैं। गैर-सरकारी सदस्य कृषक समुदाय के प्रतिनिधि होते हैं और आमतौर पर कृषक समुदाय के साथ एक सक्रिय संबंध रखते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- CACP प्रति वर्ष 'मूल्य नीति रिपोर्ट' के रूप में सरकार को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करता है, इसके तहत CACP द्वारा पाँच समूहों (खरीफ की फसलें, रबी फसल, गन्ना, कच्चा जूट और कोपरा) के लिये अलग-अलग रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

22. (a)

**व्याख्या:**

- 'ओवर द टॉप' (Over The Top- OTT) प्लेटफॉर्म दूर संचार क्षेत्र से संबंधित है। OTT सेवाओं से आशय ऐसे एप या सेवाओं से जिनका उपयोग उपभोक्ताओं द्वारा इंटरनेट के माध्यम से किया जाता है। OTT शब्द का प्रयोग आमतौर पर वीडियो-ऑन-डिमांड प्लेटफॉर्म के संबंध में किया जाता है लेकिन ऑडियो स्ट्रीमिंग, मैसेज सर्विस या इंटरनेट-आधारित वॉयस कॉलिंग सोल्यूशन के संदर्भ में भी इसका प्रयोग होता है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

नोट :

23. (d)

**व्याख्या:**

- मलिमथ समिति (वर्ष 2003): मलिमथ समिति ने अपनी रिपोर्ट में भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली (Criminal Justice System of India- CJSI) से जुड़े लगभग 150 से अधिक सुधारों के सुझाव दिये थे।
- माधव मेनन समिति (वर्ष 2007): माधव मेनन समिति ने वर्ष 2007 में प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में कई अपराधों को परिभाषित करने के साथ-साथ पीड़ितों को अधिकार देने के उद्देश्य से कुछ अपराधों को वर्गीकृत करते हुए चार अलग-अलग संहिताओं में बाँटने का सुझाव दिया। इसके अतिरिक्त समिति ने दांडिक न्याय सुधार हेतु विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग को बढ़ावा देने तथा पीड़ितों को मुआवज़ा दिये जाने का सुझाव दिया।
- न्यायमूर्ति जे. एस. वर्मा समिति (वर्ष 2013): वर्ष 2012 के निर्भया मामले के बाद बनी जस्टिस वर्मा समिति की रिपोर्ट के आधार पर 'आपराधिक कानून (संशोधन) विधेयक, 2013' लाया गया। **अत: विकल्प (d) सही है।**

24. (b)

**व्याख्या:**

- 5 अक्तूबर को विश्व भर में विश्व पर्यावास दिवस (World Habitat Day) 2020 का आयोजन किया गया जिसकी मेज़बानी इंडोनेशिया के सुरबाया शहर द्वारा की गई। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- विश्व पर्यावास दिवस 2020 की थीम 'सभी के लिये आवास: एक बेहतर शहरी भविष्य' (Housing for All- A better Urban Future) है।
- संयुक्त राष्ट्र (United Nations) ने प्रत्येक वर्ष अक्तूबर माह के पहले सोमवार को विश्व पर्यावास दिवस के रूप में नामित किया है।
- यह दिवस मुख्य तौर पर मानव बस्तियों की स्थिति और पर्याप्त पर्यावास के मानवीय अधिकार पर ध्यान केंद्रित करता है।
- इस दिवस का उद्देश्य वर्तमान पीढ़ी को यह याद दिलाना है कि वे भावी पीढ़ी के पर्यावास (Habitat) हेतु उत्तरदायी हैं।
- गौरतलब है कि वर्ष 1985 में संयुक्त राष्ट्र ने प्रत्येक वर्ष अक्तूबर माह के पहले सोमवार को विश्व पर्यावास दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। पहली बार वर्ष 1986 में विश्व पर्यावास दिवस मनाया गया था, जिसकी थीम 'शेल्टर इज़ माई राईट' (Shelter is My Right) रखी गई थी।
- ध्यातव्य है कि प्रत्येक वर्ष विश्व के अलग-अलग शहरों द्वारा इसकी मेज़बानी की जाती है और पहले विश्व पर्यावास दिवस की मेज़बानी केन्या की राजधानी नैरोबी द्वारा की गई थी। अत: कथन 2 सही है।

25. (b)

**व्याख्या:**

- प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग (वर्ष1966-70) द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिये दो विशेष प्राधिकारियों लोकपाल और लोकायुक्त की नियुक्ति का सुझाव दिया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय प्रधानमंत्री को भी लोकपाल की परिधि में रखा गया है हालाँकि कई विषयों में वह लोकपाल से परे है। **अत: कथन 2 सही है।**
- देश में लोकायुक्त का गठन सबसे पहले वर्ष 1971 में महाराष्ट्र में किया गया था। उल्लेखनीय है कि ओडिशा राज्य में वर्ष 1970 में ही लोकायुक्त की नियुक्ति से संबंधित एक विधेयक पारित किया गया था परंतु इसे वर्ष 1983 में पूर्णरूप से लागू किया गया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

26. (c)

**व्याख्या:**

- वर्ष 2013 में , संयुक्त राष्ट्र महासभा (United Nations General Assembly- UNGA) द्वारा 26 सितंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय परमाणु हथियार पूर्ण उन्मूलन दिवस' के रूप में घोषित किया गया था। इसका उद्देश्य परमाणु निशस्त्रीकरण पास सहयोग और जन-जागरूकता को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही है।**

**नोट :**

- वर्ष 2009 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा 29 अगस्त को 'परमाणु परीक्षण विरोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस' (International Day against Nuclear Tests) के रूप में घोषित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

27. (b)

**व्याख्या:**

- चालियार (Chaliyar), केरल की चौथी सबसे लंबी नदी है जिसकी लंबाई 169 किमी. है। चालियार को चूलिका नदी (Chulika River) या बेपोर नदी (Beypore River) के नाम से भी जाना जाता है। चालियार का उद्गम केरल के वायनाड पठार में एलामबालारी पहाड़ियों (Elambalari Hills) से होता है।
    - यह मुख्य रूप से केरल के मलप्पुरम ज़िले एवं कोझीकोड ज़िले से होकर बहती है। यह नदी लक्षद्वीप सागर में एक 'अझी' (एश्चुअरी) से मिलती है, जिसके दक्षिणी भाग को चालियाम (Chaliyam) और उत्तरी भाग को बेपोर (Beypore) के नाम से जाना जाता है।
- काबिनी नदी, दक्षिणी भारत में कावेरी नदी की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है। यह केरल के वायनाड ज़िले में पनामारम नदी (Panamaram River) और मनंथावादी नदी (Mananthavady River) के संगम से उत्पन्न होती है।
    - यह कर्नाटक के तिरुमकुदालु नरसीपुरा (Tirumakudalu Narasipura) में कावेरी नदी से मिलती है। **अतः विकल्प ( b ) सही है।**

28. (b)

**व्याख्या:**

- पंजाब में एक सदी पहले शुरू हुए 'पगड़ी संभाल जट्टा' आंदोलन के मुख्य नेतृत्वकर्त्ता भगत सिंह के चाचा 'सरदार अजीत सिंह संधू' थे। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ब्रिटिश सरकार के दिशा-निर्देश पर प्रशासनिक आदेशों से पानी की दर में वृद्धि तथा किसान विरोधी कानून जिसे पंजाब उपनिवेश अधिनियम (संशोधन) 1906 [Punjab Colonization Act (Amendment) 1906] के रूप में जाना जाता है, के खिलाफ स्थानीय राष्ट्रवादियों एवं पंजाबी किसानों के साथ मिलकर उन्होंने आंदोलन का नेतृत्त्व किया। वह भारत के पंजाब क्षेत्र में एक शुरुआती संरक्षक थे जिन्होंने ब्रिटिश शासन को चुनौती दी और औपनिवेशिक सरकार की खुले तौर पर आलोचना की।
- वर्ष 1906 में अजीत सिंह ने कॉन्ग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में भाग लिया जिसका उद्देश्य कॉन्ग्रेस के तरीकों से परे जाने की इच्छा रखने वाले देशभक्तों से संपर्क स्थापित करना था। पंजाब लौटने पर इन देशभक्तों ने 'भारत माता सोसाइटी' (Bharat Mata Society) की स्थापना की जिसे उर्दू भाषा में 'महबूबने वतन' (Mahboobane Watan) कहा गया।
- यह एक भूमिगत संगठन था। किशन सिंह, महाशय घसीटा राम, स्वर्ण सिंह और सूफी अम्बा प्रसाद इसके कुछ भरोसेमंद लेफ्टिनेंट एवं सक्रिय सदस्य थे। इसका मुख्य उद्देश्य वर्ष 1907 में वर्ष 1857 की क्रांति की 50वीं वर्षगाँठ पर इस क्रांति को फिर से शुरू करने की तैयारी करना था। **अतः कथन 2 सही है।**

29. (a)

**व्याख्या:**

- कपास भारत की प्रमुख व्यावसायिक फसलों में से एक है और लगभग 6 मिलियन कपास किसानों को आजीविका प्रदान करता है। भारत विश्व में कपास का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। भारत में प्रत्येक वर्ष लगभग 6 मिलियन टन कपास का उत्पादन होता है जो विश्व भर में उत्पादित कपास का लगभग 23% है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सुविन (SUVIN): यह भारत में उत्पादित दुनिया का सबसे लंबा और बेहतरीन कपास फाइबर है और विशेष रूप से तमिलनाडु में उगाया जाता है। जबकि गहरे भूरे, मध्यम भूरे, हरे आदि रंगों वाला प्राकृतिक रंगीन कपास कर्नाटक के धारवाड़ क्षेत्र में उगाया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सुविन को कोयंबटूर के तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त कपास ब्रीडर वी. संथानम (V. Santhanam) द्वारा तैयार किया गया था। उन्होंने वेस्टइंडीज़ की कपास किस्म 'सेंट विंसेंट' (St Vincent) के साथ मिस्र की कपास किस्म 'सुजाता' (Sujata) की क्रास ब्रीडिंग कराके सुविन को तैयार किया है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

30. (a)

**व्याख्या:**

- फ्राँस की इमैनुएल चार्पेंटियर (Emmanuelle Charpentier) और अमेरिका की जेनिफर ए डौडना (Jennifer A Doudna) को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में वर्ष 2020 का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- इमैनुएल चार्पेंटियर एवं जेनिफर ए डौडना द्वारा विकसित 'क्रिस्पर-कैस9 जेनेटिक सीज़र्स' (CRISPR-Cas9 Genetic Scissors) का उपयोग जानवरों, पौधों एवं सूक्ष्मजीवों के डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (Deoxyribonucleic Acid- DNA) को अत्यधिक उच्च सटीकता के साथ बदलने के लिये किया जा सकता है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

31. (b)

**व्याख्या:**

- 'अबॉर्टेल्फुसा नामदफेंसिस' (Abortelphusa Namdaphaensis) मीठे जल के केकड़े की एक प्रजाति है जिसे हाल ही में नामदफा टाइगर रिज़र्व (Namdapha Tiger Reserve) में एक छोटी सी जलधारा के किनारे खोजा गया है।
- इसके जीनस (अबॉर्टेल्फुसा) का नाम अबोर हिल्स के नाम पर रखा गया है जबकि प्रजाति (नामदफेंसिस) का नाम नामदफा संरक्षित क्षेत्र के नाम पर रखा गया है।
- यह हिमालय क्षेत्र में पाया जाने वाला पहला गेकार्सिनुसिडे (Gecarcinucidae) है। मीठे जल के केकड़ों को दो श्रेणियों में विभाजित किया जाता है: पोटामिडे (Potamidae) और गेकार्सिनुसिडे (Gecarcinucidae)।
- पूर्वी हिमालयी जैव विविधता हॉटस्पॉट में अरुणाचल प्रदेश के नामदफा (Namdapha) और अबोर हिल्स (Abor Hills) दो बड़े संरक्षित क्षेत्र हैं।
- नामदफा जिसे वर्ष 1983 में एक राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था, अपनी समृद्ध जैव-विविधता के लिये जाना जाता है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

32. (c)

**व्याख्या:**

- लगभग 1125 किलोमीटर लंबी पंज नदी (Panj River) आमू दरिया की सहायक नदी है और यह अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान की सीमा का निर्धारण करती है।
- इस नदी का उद्गम किला-ए-पंजा गाँव के पास पामीर एवं वखान नदियों के संगम से होता है और यहाँ से यह पश्चिम की ओर बहती हुई अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान की सीमा बनाती है। इसके बाद आगे चलकर यह नदी आमू दरिया नदी में मिल जाती है।
- लगभग 2540 किलोमीटर की लंबाई के साथ आमू दरिया नदी मध्य एशिया की सबसे बड़ी नदियों में से एक है।
- इस नदी का जल मुख्य तौर पर अफगानिस्तान, किर्गिज़स्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज़्बेकिस्तान द्वारा साझा किया जाता है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

33. (b)

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19(1) के तहत नागरिकों को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, बिना हथियार किसी स्थान पर शांतिपूर्वक इकट्ठा होने, संघों या यूनियनों के गठन करने आदि का अधिकार प्रदान किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19 (2) के तहत राज्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगाने का अधिकार (भारत की सुरक्षा व संप्रभुता को क्षति, न्यायालय की अवमानना आदि मामलों में) प्रदान किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

34. (a)

**व्याख्या:**

- डीएनए बारकोडिंग एक विशिष्ट जीन से डीएनए के एक छोटे खंड का उपयोग करके प्रजातियों की सटीक पहचान करने की एक विधि है।
- 'इंटरनेशनल बारकोड ऑफ लाइफ' (International Barcode of Life- iBOL) डीएनए बारकोड उद्धरण पुस्तकालयों, अनुक्रमण सुविधाओं, सूचनात्मक प्लेटफार्मों, विश्लेषणात्मक प्रोटोकॉल और जैव-विविधता की सूची एवं मूल्यांकन के लिये आवश्यक

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग स्थापित करके जैव विविधता विज्ञान को परिवर्तित करने की इच्छा के साथ विश्व के देशों का एक अनुसंधान गठबंधन है। इसकी स्थापना वर्ष 2008 में हुई थी।

- iBOL ने एक प्रमुख कार्यक्रम 'BARCODE 500K' को पूरा किया है जबकि एक दूसरा कार्यक्रम 'बायोस्कैन' (BIOSCAN) अभी जारी है।
- 'BARCODE 500K' कार्यक्रम के तहत 25 देशों में अनुसंधान संगठनों द्वारा $150 मिलियन के निवेश के साथ 500,000 प्रजातियों का बारकोड तैयार किया गया है।
- 'BARCODE 500K' कार्यक्रम की सफलता के आधार पर 'बायोस्कैन' (BIOSCAN) नामक एक दूसरे कार्यक्रम के तहत वर्ष 2026 तक 2.5 मिलियन प्रजातियों का बारकोड डेटाबेस तैयार किया जाएगा।
- यह कार्यक्रम iBOL की अंतिम परियोजना 'प्लैनेटरी बायोडायवर्सिटी मिशन' (Planetary Biodiversity Mission-PBM) को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करेगा। PMB एक शोध पहल है जो वर्ष 2045 तक बहुकोशिकीय जीवन (Multicellular Life) की व्यापक समझ प्रदान करेगा। **अतः विकल्प (a) सही है।**

35. (c)

**व्याख्या:**

- भारत सरकार द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से पूर्व 4 अगस्त, 2019 को प्रथम गुप्कर घोषणा (Gupkar Declaration) पर हस्ताक्षर किये गए थे।
- 22 अगस्त, 2020 को जम्मू और कश्मीर के 6 राजनीतिक दलों ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 के उन्मूलन के विरुद्ध सामूहिक रूप से संघर्ष करने के लिये 'गुप्कर घोषणा II' (Gupkar Declaration II) नामक एक वक्तव्य पर हस्ताक्षर किये थे।
- इन 6 दलों ने संयुक्त रूप से जम्मू-कश्मीर की विशेष स्थिति को परिवर्तित करने के केंद्र सरकार के निर्णय को 'असंवैधानिक' बताया था। **अतः विकल्प (c) सही है।**

36. (c)

**व्याख्या:**

- हाल ही में विश्व बैंक ने 'पॉवर्टी एंड शेयर प्रॉस्पेरिटी' रिपोर्ट और 'साउथ एशिया इकोनॉमिक फोकस' रिपोर्ट जारी की है।
  - विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित 'पॉवर्टी एंड शेयर प्रॉस्पेरिटी' रिपोर्ट में आगाह किया है कि महामारी के प्रभाव के कारण वर्ष 2021 तक तकरीबन 150 मिलियन लोग 'अत्यंत गरीबी' की श्रेणी में आ सकते हैं।
  - वहीं कोरोना वायरस महामारी और उसके कारण लागू किये गए देशव्यापी लॉकडाउन का उल्लेख करते हुए विश्व बैंक ने अपनी 'साउथ एशिया इकोनॉमिक फोकस रिपोर्ट' में कहा कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में 9.6% का संकुचन हो सकता है।
- वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (Global Financial Stability Report) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund) द्वारा जारी की जाती है।
- वहीं वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट (Global Gender Gap Report) विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum-WEF) द्वारा जारी की जाती है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

37. (c)

**व्याख्या:**

- देश में फ्लोरोसिस की समस्या से निपटने के लिये केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2008-09 में 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 'राष्ट्रीय फ्लोरोसिस निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम' की शुरुआत की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस कार्यक्रम के तहत पेयजल में फ्लोरोसिस की उच्च मात्रा वाले देश के 100 ज़िलों को चरणबद्ध ढंग से शामिल किया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

38. (b)

**व्याख्या:**

- भारतीय वायु सेना के लिये विकसित भारत की पहली स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइल 'रुद्रम' (Rudram) का भारत के पूर्वी तट से सुखोई-30 एमकेआई (Sukhoi-30 MKI) जेट से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। लड़ाकू विमानों से लॉन्च की जाने वाली मिसाइल मापदंडों के आधार पर रुद्रम की ऑपरेशनल रेंज 100 किमी. से अधिक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- एंटी-रेडिएशन मिसाइलों को दुश्मन देश की रडार, संचार परिसंपत्तियों एवं अन्य रेडियो आवृत्ति स्रोतों का पता लगाने, ट्रैक करने और उनको बेअसर करने के लिये डिज़ाइन किया जाता है जो आमतौर पर किसी देश की वायु रक्षा प्रणालियों का हिस्सा होती हैं।
- रुद्रम, हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा डिज़ाइन एवं विकसित किया गया है। DRDO ने लगभग 8 वर्ष पहले इस तरह की एंटी-रेडिएशन मिसाइलों का विकास शुरू किया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

39. (d)

**व्याख्या:**

- ब्रिटेन के प्रिंस विलियम (Prince William)/ड्यूक ऑफ कैंब्रिज (Duke of Cambridge) ने एक नया 50 मिलियन पाउंड का अर्थशॉट पुरस्कार (Earthshot Prize) लॉन्च किया। इसका उद्देश्य विश्व की कुछ सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों के लिये सबसे नवीन समाधानों का वित्तपोषण करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अर्थशॉट पुरस्कार, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ. केनेडी (John F. Kennedy) द्वारा शुरू किये गए 'मूनशॉट पुरस्कार' से प्रेरित है जिसने मनुष्य को चंद्रमा पर भेजने के लिये एक संगठित लक्ष्य के आसपास लाखों लोगों को एकजुट किया और 1960 के दशक में नई तकनीक के विकास को उत्प्रेरित किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2021 से वर्ष 2030 तक यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष प्रिंस विलियम द्वारा पाँच विजेताओं को प्रदान किये जाएंगे। वर्ष 2021 से वर्ष 2030 के बीच प्रत्येक वर्ष दुनिया भर के विभिन्न शहरों में एक पुरस्कार समारोह होगा, जिसमें 15 फाइनलिस्ट में से पाँच विजेताओं (प्रत्येक अर्थशॉट्स के लिये एक) का चयन किया जाएगा। पहला पुरस्कार समारोह वर्ष 2021 में लंदन में आयोजित होगा। **अतः कथन 3 सही है।**

40. (d)

**व्याख्या:**

- रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम (RTGS) ग्राहकों के खाते में रियल टाइम में धनराशि हस्तांतरण की सुविधा को सक्षम बनाता है और इसका प्रयोग मुख्य तौर पर बड़े लेन-देन के लिये किया जाता है।
- यहाँ 'रियल टाइम' का अभिप्राय निर्देश प्राप्त करने के साथ ही उनके प्रसंस्करण (Processing) से है, जबकि 'ग्रॉस सेटलमेंट' या 'सकल निपटान' का तात्पर्य है कि धन हस्तांतरण निर्देशों का निपटान व्यक्तिगत रूप से किया जाता है।
- इस प्रणाली के माध्यम से हस्तांतरित न्यूनतम राशि 2 लाख रुपए है, जबकि इसके माध्यम से हस्तांतरित अधिकतम राशि की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

41. (a)

**व्याख्या:**

- 'यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन' की स्थापना वर्ष 1874 में बर्न (स्विट्ज़रलैंड) में हुई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1969 में टोक्यो (जापान) में आयोजित UPU कॉन्ग्रेस द्वारा 9 अक्तूबर को 'विश्व डाक दिवस' के रूप में घोषित किया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

42. (a)

**व्याख्या:**

- मध्य एशिया का देश किर्गिज़स्तान उत्तर-पश्चिम और उत्तर में कज़ाखस्तान, पूर्व और दक्षिण में चीन तथा दक्षिण और पश्चिम में ताज़िकिस्तान एवं उज़्बेकिस्तान के साथ अपनी सीमा साझा करता है। किर्गिज़स्तान की राजधानी बिश्केक है।

नोट :

- किर्गिज़स्तान एक स्वतंत्र देश के रूप में वर्ष 1991 में अस्तित्व में आया था।
- तकरीबन 6 मिलियन की आबादी वाले किर्गिज़स्तान का कुल क्षेत्रफल लगभग 1,99,951 वर्ग किलोमीटर है। किर्गिज़स्तान में मुख्य तौर पर मुस्लिम और ईसाई आबादी पाई जाती है।
- किर्गिज़स्तान, रूस के नेतृत्व वाले सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (CSTO) का सदस्य है और इसके अलावा यहाँ रूसी एयर बेस भी मौजूद है।
- रूस, किर्गिज़स्तान को एक महत्त्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है और उस पर अपनी पकड़ मज़बूत करने के लिये भरसक प्रयास करता है, वहीं चीन के लिये यूरेशियाई के केंद्र के स्थित यह देश उसके बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) हेतु काफी महत्त्वपूर्ण है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

43. (b)

**व्याख्या:**

- विश्व खाद्य कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र की खाद्य-सहायता शाखा है, यह वैश्विक स्तर पर भुखमरी की समस्या से लड़ने और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये कार्य करने वाली सबसे बड़ी मानवीय संस्था है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- विश्व खाद्य कार्यक्रम' (WFP) को 'भूख से लड़ने, संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में शांति के लिये स्थितियों को बेहतर बनाने में योगदान देने और युद्ध व संघर्ष में भूख को एक हथियार के रूप में प्रयोग किये जाने से रोकने के प्रयासों में एक प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करने के लिये' 2020 के नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विश्व खाद्य कार्यक्रम का मुख्यालय रोम (इटली) में स्थित है। **अतः कथन 3 सही है।**

44. (d)

**व्याख्या:**

- 'सूचना का अधिकार' अधिनियम में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि कोई भी भारतीय नागरिक किसी भी सार्वजनिक अथवा सरकारी प्राधिकरण से किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिये स्वतंत्र है, साथ ही इस अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना को आवेदन की तारीख से 30 दिनों की अवधि के भीतर प्रदान करने की व्यवस्था की गई है।
- हालाँकि अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना रक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और व्यक्तिगत सूचना से संबंधित नहीं होनी चाहिये। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस अधिनियम के अंतर्गत केंद्र स्तर पर एक मुख्य सूचना आयुक्त और अधिकतम 10 सूचना आयुक्तों की सदस्यता वाले एक केंद्रीय सूचना आयोग के गठन का प्रावधान किया गया है। इसी के आधार पर राज्य में भी एक राज्य सूचना आयोग का गठन किया जाएगा। इस अधिनियम में यह भी कहा गया है कि सभी सार्वजनिक प्राधिकरण अपने दस्तावेज़ों का संरक्षण करते हुए उन्हें कंप्यूटर में सुरक्षित रखेंगे।
- इस अधिनियम के माध्यम से राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद व राज्य विधानमंडल के साथ ही सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) और निर्वाचन आयोग (Election Commission) जैसे संवैधानिक निकायों व उनसे संबंधित पदों को भी सूचना का अधिकार अधिनियम के दायरे में लाया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

45. (c)

**व्याख्या:**

- रेड अपोलो (Red Apollo), कॉमन मैप और टेललेस बुशब्लू (Tailless Bushblue) आदि तितली की प्रजातियाँ हैं। **अतः विकल्प (c) सही है।**
- हाल ही में 'भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विभाग' (Zoological Survey of India) के वैज्ञानिकों द्वारा किये गए एक अध्ययन के अनुसार, हिमालय क्षेत्र में बढ़ते औसत तापमान के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाली लेपिडोप्टेरा (तितलियों और पतंगों) की कई दर्ज़न प्रजातियाँ पहले की तुलना में उच्च तुंगता वाले क्षेत्रों में निवास करने लगी हैं।

नोट :

46. (c)

**व्याख्या:**

- 'स्टेथेन्टेक्स कोविडा' (Stethantyx Covida) मेक्सिको में खोजी गई पैरासिटॉइड ततैया (Parasitoid Wasps) की पाँच नई प्रजातियों में से एक है।
- इस प्रजाति की खोज दो वैज्ञानिकों द्वारा वर्ष 2020 में COVID-19 के कारण 'ग्लोबल क्वारंटाइन पीरियड' (Global Quarantine Period) के दौरान की गई।
- यह प्रजाति डार्विन ततैया (Darwin Wasp) के इच्नयूमोनिडे (Ichneumonidae) परिवार से संबंधित है जिसकी विश्व भर में 25,000 से अधिक प्रजातियाँ हैं। डार्विन ततैया (Darwin Wasp) दुनिया में लगभग प्रत्येक जगह प्रचुर मात्रा में पाई जाती है और इनका उपयोग बागों एवं जंगलों में कीटों के जैविक नियंत्रण में किया जाता है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

47. (a)

**व्याख्या:**

- अमेरिकी अर्थशास्त्री पॉल मिल्ग्रॉम (Paul Milgrom) एवं रॉबर्ट विल्सन (Robert Wilson) को व्यावसायिक नीलामी (Commercial Auctions) पर कार्य करने के लिये अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
- अर्थशास्त्र का यह नोबेल पुरस्कार 'नीलामी सिद्धांत में सुधार और नए नीलामी प्रारूपों के आविष्कार के लिये' प्रदान किया गया है। पॉल मिल्ग्रॉम एवं रॉबर्ट विल्सन द्वारा विकसित यह सिद्धांत एक विक्रेता के लिये व्यापक राजस्व लाभ के बजाय व्यापक सामाजिक लाभ से प्रेरित है।
- वर्ष 2019 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार फ्रेंच-अमेरिकी एस्टर डुफ्लो (Esther Duflo), भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक अभिजीत बनर्जी और अमेरिकी माइकल क्रेमर (Michael Kremer) को 'गरीबी उन्मूलन पर प्रायोगिक कार्य के लिये' प्रदान किया गया था। **अतः विकल्प (a) सही है।**

48. (d)

**व्याख्या:**

- 'दक्षिण एशिया आर्थिक फोकस' रिपोर्ट, विश्व बैंक द्वारा जारी की जाने वाली एक द्विवार्षिक आर्थिक रिपोर्ट है। इसे दक्षिण एशिया के हालिया आर्थिक विकास और निकट भविष्य के आर्थिक दृष्टिकोण के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। इस रिपोर्ट में दक्षिण एशिया के आठ देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका) से जुड़े आर्थिक आँकड़ों को शामिल किया जाता है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

49. (b)

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) का गठन मार्च, 2007 में 'कमीशंस फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स' (Commissions for Protection of Child Rights- CPCR) अधिनियम, 2005 के तहत एक वैधानिक निकाय के रूप में किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का संचालन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तहत किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत बच्चों की देखभाल एवं सुरक्षा के लिये अधिनियम की धारा 27(1) के तहत ज़िला स्तर पर 'बाल कल्याण समितियों' (Child Welfare Committees-CWCs) का गठन किये जाने का प्रावधान किया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

50. (d)

**व्याख्या:**

- तंज़ानिया में अवस्थित माउंट किलिमंजारो (Kilimanjaro) अफ्रीका महाद्वीप का सबसे ऊँचा पर्वत है, जिसकी ऊँचाई लगभग 5,895 मीटर है।

नोट :

- माउंट किलिमंजारो पूर्वी अफ्रीका में तंज़ानिया के उत्तर-पूर्व में लगभग भूमध्य रेखा पर अवस्थित है।
- अफ्रीका का सबसे ऊँचा पर्वत होने के साथ-साथ माउंट किलिमंजारो विश्व के सात सबसे ऊँचे पर्वतों में से एक है।
- ध्यातव्य है कि माउंट किलिमंजारो विश्व का सबसे ऊँचा 'फ्री-स्टैंडिंग माउंटेन' है, जिसका अर्थ है कि यह किसी भी पर्वत शृंखला का हिस्सा नहीं है।
- अधिकांश ऊँचे पर्वत किसी-न-किसी पर्वत शृंखला का हिस्सा होते है, जैसे माउंट एवरेस्ट हिमालय पर्वत शृंखला का हिस्सा है।
- इस पर्वत पर तीन ज्वालामुखी शंकु [किबो (Kibo), शिरा (Shira) एवं मावेंज़ी (Mawenzi)] हैं जिनमें किबो ज्वालामुखी सबसे ऊँचा है। **अत: विकल्प ( d ) सही है।**

51. (d)

**व्याख्या:**

- केरल सरकार ने देशव्यापी लॉकडाउन के कारण विद्यालयों के बंद होने के बाद राज्य के 41 लाख छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के लिये 'फर्स्ट बेल' नामक ऑनलाइन कार्यक्रम द्वारा नियमित कक्षाएँ प्रारंभ की थीं।
  - इस ऑनलाइन कार्यक्रम के अंतर्गत केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड टेक्नोलॉजी फॉर एजुकेशन (KITE) द्वारा नए शैक्षणिक सत्र हेतु कक्षाओं का राज्य सरकार के शैक्षणिक टीवी चैनल विक्टर्स (Victers) पर प्रसारण किया जा रहा है।
- इसके अलावा केरल सरकार जनजातीय बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाने के लिये नमथ बसई (Namath Basai) नाम से एक कार्यक्रम का भी संचालन कर रही है।
  - नमथ बसई (Namath Basai) कार्यक्रम को 'समग्र शिक्षा केरल' (SSK) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।
  - इस कार्यक्रम के माध्यम से सैकड़ों की संख्या में आदिवासी बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। **अत: विकल्प ( d ) सही है।**

52. (c)

**व्याख्या:**

- केंद्र सरकार के कर्मचारियों को चार वर्ष के ब्लॉक के लिये (Block of Four Years) LTC का लाभ मिलता है, जिसके तहत वे दो बार अपने गृह नगर या एक बार गृह नगर की और एक बार भारत में किसी अन्य स्थान की यात्रा कर सकते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- LTC के तहत कर्मचारियों को उनके वेतनमान के अनुसार, हवाई या रेल किराए की प्रतिपूर्ति की जाती है और साथ ही उन्हें 10 दिनों के अवकाश का भुगतान (वेतन + डीए) भी किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अवकाश यात्रा रियायत नकद बाउचर योजना के तहत सरकार LTC के अंतर्गत मिलने वाले लाभ को दोगुना नहीं किया गया है। बल्कि इसके तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों को (वर्ष 2018-21 के ब्लॉक के लिये) बिना यात्रा किये LTC पर मिलने वाली कर छूट का लाभ प्रदान किया जाएगा। हालाँकि इस योजना का लाभ लेने के लिये कर्मचारियों को LTC किराए का तीन गुना ऐसी वस्तुओं को खरीदने के लिये खर्च करना होगा जिन पर 12% या उससे अधिक जीएसटी (GST) लागू होती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

53. (b)

**व्याख्या:**

- एक्वापोनिक्स (Aquaponics) पारिस्थितिकी रूप से एक स्थायी मॉडल है जो दो खाद्य उत्पादन प्रणालियों [एक्वाकल्चर (Aquaculture) एवं हाइड्रोपोनिक्स (Hydroponics)] को एक साथ जोड़ता है। एक्वापोनिक्स एक उभरती हुई तकनीक है जिसमें मत्स्यन के साथ-साथ पौधों को भी एकीकृत तरीके से उगाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- एक्वापोनिक प्रणाली की आरंभिक लागत मृदा उत्पादन अथवा हाइड्रोपोनिक्स की तुलना में बहुत अधिक होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- शुष्क क्षेत्रों के लिये यह एक उपयुक्त खाद्य उत्पादन तकनीक है क्योंकि इस तकनीक में जल का पुन: उपयोग करके खाद्य उत्पादन किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

54. (d)

**व्याख्या:**

- मार्च, 2015 में सात वर्षों की अवधि के लिये 4,500 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 'राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन' (NSM) की घोषणा की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस मिशन के तहत पाँच वर्षों में 20,000 कुशल व्यक्तियों का एक मज़बूत आधार बनाया जाएगा, जो सुपरकंप्यूटरों की जटिलताओं को प्रबंधित करने में सक्षम होंगे। **अतः कथन 2 सही है।**
- NSM के तहत प्रथम सुपरकंप्यूटर 'परम शिवाय' (Param Shivay ) IIT-BHU, वाराणसी में वर्ष 2019 में स्थापित किया गया है। इसमें 837 टेराफ्लॉप की उच्च-प्रदर्शन कम्प्यूटिंग (HPC) क्षमता है।
- टेराफ्लॉप्स, 10^12 फ्लोटिंग-पॉइंट ऑपरेशंस प्रति सेकंड (FLOPS) के बराबर कंप्यूटिंग गति की इकाई है। **अतः कथन 3 सही है।**

55. (a)

**व्याख्या:**

- 'अपोज़िशन' (Opposition) नामक एक घटना. जो प्रत्येक 26 माह में घटित होती है, के कारण मंगल, बृहस्पति ग्रह को पीछे छोड़ते हुए अक्तूबर 2020 में अंतरिक्ष में नज़र आने वाली तीसरी सबसे चमकीली वस्तु बन जाएगा।
- अंतरिक्ष में सबसे चमकीली वस्तु के संदर्भ में चंद्रमा एवं शुक्र क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं।
- नासा के अनुसार, 6 अक्तूबर, 2020 में जब मंगल ग्रह, पृथ्वी के सबसे निकट था, तब 13 अक्तूबर, 2020 को 'अपोज़िशन' नामक घटना घटित हुई, परिणामतः वर्ष 2020 में मंगल ग्रह 'सबसे बड़ा एवं स्पष्ट आकार' का दिखाई दिया।
- 'अपोज़िशन' वह घटना है जब सूर्य, पृथ्वी एवं कोई अन्य ग्रह (इस संदर्भ में मंगल ग्रह) एक पंक्ति में होते हैं और सूर्य तथा उस ग्रह के बीच में पृथ्वी होती है।
- 'अपोज़िशन' की घटना तब घटित होती है जब कोई अन्य ग्रह सामान्य तौर पर किसी वर्ष में पृथ्वी से निकटतम दूरी पर होता है, इसलिये यह अधिक चमकदार दिखाई देता है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

56. (b)

**व्याख्या:**

- गोबी मरुस्थल पूर्वी एशिया में एक बड़ा रेगिस्तान या ब्रशलैंड (Brushland) क्षेत्र है। इसमें उत्तरी एवं पूर्वोत्तर चीन और दक्षिणी मंगोलिया के कुछ हिस्से शामिल हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- गोबी मरुस्थल के उत्तर में अल्ताई पर्वत और मंगोलिया के घास के मैदान एवं स्टेपी, पश्चिम में तकलामकान रेगिस्तान (Taklamakan Desert), दक्षिण-पश्चिम में हेक्सी कॉरिडोर (Hexi Corridor) तथा तिब्बती पठार एवं दक्षिण-पूर्व में यह उत्तर-चीन मैदान से घिरा हुआ है।
- गोबी एक वृष्टि छाया रेगिस्तान (Rain Shadow Desert) है। गौरतलब है कि तिब्बत का पठार हिंद महासागर से आने वाली मानसूनी पवनों को गोबी क्षेत्र में पहुँचने से रोकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

57. (d)

**व्याख्या:**

- भारत में नवरात्रि का त्योहार विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। नवरात्रि के अवसर पर दिल्ली में 'रामलीला', पश्चिम बंगाल में 'दुर्गा पूजा उत्सव', गुजरात मंर 'गरबा नृत्य' का आयोजन किया जाता है। जबकि दक्षिण भारत में इस अवसर पर बोम्मई गोलू (Bommai Golu) या नवरात्रि गोलू (Navratri Golu) का आयोजन किया जाता है अर्थात् हस्तनिर्मित गुड़ियों का कलात्मक प्रदर्शन।
- तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में मनाए जाने वाले इन त्योहारों में देवी-देवताओं, पुरुषों, जानवरों और बच्चों के रूप में निर्मित गुड़ियों का एक सेट शामिल किया जाता है। प्रत्येक सेट एक कहानी को प्रतिबिंबित करता है।

नोट :

- तमिल भाषा में बोम्मई गोलू या कोलू (Kolu) का अर्थ है- 'दिव्य उपस्थिति' (Divine Presence)।
- तेलुगु भाषा में बोम्माला कोलुवु (Bommala Koluvu) का अर्थ है- 'कोर्ट ऑफ टॉयज़' (Court of Toys)।
- कन्नड़ भाषा में बॉम्बे हब्बा (Bombe Habba) का अर्थ 'गुड़िया महोत्सव' (Doll Festival) है।
- नवरात्रि गोलू के माध्यम से प्राचीन काल की भारतीय कहानियों का प्रदर्शन किया जाता है जो रामायण, पुराणों और दशावतारम जैसे ग्रंथों से संबंधित होती हैं। दक्षिण भारतीय नवरात्रि परंपरा में गुड़िया (बोम्मई गोलू) को प्रदर्शित करने के लिये इन्हें विषम संख्या में स्थापित किया जाता है तथा मेहमानों को एक साथ गाने के लिये आमंत्रित किया जाता है। **अतः विकल्प ( d ) सही है।**

58. (d)

**व्याख्या:**

- आयुध निर्माणी बोर्ड (OFB) एक विशाल औद्योगिक ढाँचा है, जो कि रक्षा मंत्रालय (MoD) के रक्षा उत्पादन विभाग (DDP) के अधीन कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- 200 वर्ष पुराने आयुध निर्माणी बोर्ड का मुख्यालय कोलकाता में स्थित है और यह 41 कारखानों, 9 प्रशिक्षण संस्थानों, 3 क्षेत्रीय विपणन केंद्रों तथा 4 क्षेत्रीय सुरक्षा नियंत्रकों का एक समूह है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 1775 में ब्रिटिश सरकार ने कोलकाता के फोर्ट विलियम कॉलेज में आयुध बोर्ड की स्थापना किये जाने को स्वीकृति प्रदान की और इससे भारत में औपचारिक तौर पर आयुध कारखानों की शुरुआत हुई।
- वर्ष 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत में कुल 18 आयुध कारखाने थे और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 23 आयुध कारखाने और बनाए गए।
- वर्ष 1962 के युद्ध के बाद भारत में रक्षा उपकरणों के उत्पादन हेतु एक बुनियादी ढाँचा विकसित करने के उद्देश्य से रक्षा मंत्रालय के तहत रक्षा उत्पादन विभाग (DDP) की स्थापना की गई। इसके पश्चात् भारत के सभी आयुध कारखानों के प्रबंधन और उन्हें एक साथ एक समूह में लाने के उद्देश्य से 02 अप्रैल, 1979 को आयुध निर्माणी बोर्ड (OFB) का गठन किया गया।

59. (a)

**व्याख्या:**

- 'अंतर्राष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम' (Programme for International Student Assessment- PISA) की शुरुआत 'आर्थिक सहयोग और विकास संगठन' (OECD) द्वारा वर्ष 2000 में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अधिगम, गणित और विज्ञान में 15 वर्षीय बच्चों के सीखने के स्तर का परीक्षण करता है। यह परीक्षण प्रत्येक तीन वर्ष में आयोजित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत वर्ष 2009 में अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, वर्ष 2012 और वर्ष 2015 में इससे दूर रहा। वर्ष 2009 में भारत 74 प्रतिभागी देशों के बीच 72वें स्थान पर रहा था। भारत सरकार ने वर्ष 2019 में PISA में भाग लेने का निर्णय किया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

60. (d)

**व्याख्या:**

- सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता में विस्तार और G-4 देशों (जापान, जर्मनी, भारत और ब्राज़ील) की स्थायी सदस्यता के प्रयासों का 'कॉफी क्लब' या यूएफसी (Uniting for Consensus- UFC) गुट के देश विरोध करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- कॉफी क्लब में इटली, पाकिस्तान, मेक्सिको, मिस्र, स्पेन, अर्जेंटीना और दक्षिण कोरिया जैसे 13 देश सक्रिय रूप से शामिल हैं। भारत इस समूह में शामिल नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कॉफी क्लब के देश स्थायी सदस्यता के विस्तार के पक्षधर न होकर अस्थायी सदस्यता के विस्तार के समर्थक हैं, लेकिन इन देशों की आशंका सामूहिक न होकर व्यक्तिगत हितों पर कहीं अधिक टिकी हुई है।

नोट :